# **<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.) की जुलाई, 2025 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक</u>**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), गुरूग्राम की वर्ष 2025 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक नराकास, गुरूग्राम के अध्यक्ष एवं वाप्कोस तथा एनपीसीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 16.07.2025 को सम्पन्न हुई। इस बार की बैठक का आयोजन पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के आग्रह पर पावर ग्रिड के कार्यालय में किया गया, जिसमें नराकास गुरूग्राम के सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों एवं उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नराकास सदस्य सचिव एवं वाप्कोस के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (रा.भा.का.) श्री प्रदीप कुमार के समन्वय में सम्पन्न हुई इस बैठक में पावर ग्रिड कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.के.त्यागी, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक श्री डॉ. मोहम्मद रिहान, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के महानिदेशक श्री मनोज कुमार तथा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की ओर से संयुक्त निदेशक श्री कुमार पाल शर्मा उपस्थित थे।






बैठक की शुरूआत पॉवर ग्रिड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री आर. के. त्यागी ने मंचासीन अतिथियों का प्लांटर एवं पुस्तक से स्वागत से की। उसके पश्चात वाप्कोस लि. प्रमुख राजभाषा श्री आशीष त्यागी ने स्वागत सम्बोधन पढ़ा। इसके पश्चात वाप्कोस लि. में हिन्दी अनुभाग में वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्री गौरव राघव ने बैठक का एजेंडा एवं सदस्य कार्यालयों द्वारा भेजी गई तिमाही रिपोर्टों के आधार पर तैयार की गई तुलनात्मक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। इस चर्चा के दौरान सभी सदस्य कार्यालयों ने इसमें सहभागिता की।




बैठक का मुख्य आकर्षण पिछली छमाही में नराकास गुरूग्राम के तत्वावधान में प्रतियोगिताएं एवं गतिविधि आयोजित करने वाले सदस्य कार्यालयों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाना था जिसके अंतर्गत पांच सदस्य कार्यालयों नामत: राइट्स लि., वाप्कोस लि., लिनाक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय, पॉवर ग्रिड को विगत छमाही में प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से उपस्थित संयुक्त निदेशक श्री कुमार पाल शर्मा ने अपने सम्बोधन में कलम से कम्प्यूटर की बात कही साथ ही मौलिकता पर भी जोर दिया।

नराकास अध्यक्ष श्री आर. के. अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में राजभाषा विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर सभी को बधाई दी तथा राजभाषा विभाग द्वारा इस वर्ष अपने वार्षिक कार्यक्रम में लक्ष्यों में किए गए परिवर्तन की जानकारी देते हुए, इन्हें प्राप्त करने हेतु भरसक प्रयास करने की बात कही।

अंत में  नराकास, गुरूग्राम के सदस्य सचिव एवं वाप्कोस लि. के वरि. कार्यकारी निदेशक श्री प्रदीप कुमार ने मंचासीन एवं उपस्थिति सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों का इस बैठक को सफल बनाने हेतु धन्यवाद किया। साथ ही पॉवर ग्रिड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एवं उनकी पूरी टीम तथा वाप्कोस के हिन्दी अनुभाग के कर्मचारियों को समन्वय एवं सफल आयोजन हेतु धन्यवाद एवं बधाई दी साथ ही उन्होंने राजभाषा हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आग्रह भी किया।



# संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा विचार-विमर्श कार्यक्रम - दिनांक 14 फरवरी 2025

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2025 को शौर्य, सीआरपीएफ, वसंत कुंज, नई दिल्ली में नराकास गुरूग्राम, सोनीपत, भिवानी और नराकास दिल्ली के कुछ सदस्य कार्यालयों के साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया। इस बैठक में, नराकास गुरूग्राम के अध्यक्ष श्री आर.के. अग्रवाल (अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक- वाप्कोस एवं एनपीसी) और नराकास गुरूग्राम के सदस्य सचिव श्री प्रदीप कुमार, वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (रा.भा.का.) तथा सभी संबंधित नराकास के अध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक का समन्वय कार्य वाप्कोस गुरूग्राम कार्यालय द्वारा किया गया। माननीय संसद सदस्यों और समिति सचिवालय के अधिकारियों ने वाप्कोस के समन्वय कार्य की प्रशंसा की।



इस विचार विचार-विमर्श कार्यक्रम में नराकास सोनीपत के कार्यालय जिनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सोनीपत डाक मंडल, संयुक्त आयकर आयुक्त, दि ओरिएंटल इंश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड, नेशनल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड, राष्ट्रीय खाद्य प्रोद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधक संस्थान निफ्टेम, जवाहर नवोदय विद्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नाम शामिल हैं

नराकास भिवानी के सदस्य कार्यालयों में पंजाब नेशनल बैंक, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, भिवानी, केन्द्रीय विद्यालय, पालुवास, दि न्यू इंडिया इंश्योरेंय कम्पनी लिमिटेड, अधीक्षक डाकघर, भिवानी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय, पंजाब एंड सिन्ध बैंक के नाम शामिल हैं।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति के समक्ष निरीक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले नराकास गुरूग्राम के सदस्य कार्यालयों में

| | |
|---|---|
| 1. पावर ग्रिड कारपोरेशन<br>2. राइट्स लिमिटेड<br>3. इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड<br>4. खाद्य सुरक्षा संस्थान, भारतीय खाद्य निगम | 5. ईसीजीसी लिमिटेड<br>6. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड<br>7. एच.पी.सी.एल के नाम शामिल हैं। |



# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), गुरूग्राम की दिनांक 20.12.2024 को आयोजित बैठक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), गुरूग्राम की वर्ष 2024-25 की दूसरी अर्धवार्षिक बैठक श्री आर.के.अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, वाप्कोस एवं अध्यक्ष नराकास, गुरूग्राम की अध्यक्षता में दिनांक 20.12.2024 को प्रात: 11.00 बजे वाप्कोस लिमिटेड, गुरूग्राम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख व उनके प्रतिनिधि, राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।




बैठक के प्रारम्भ में, श्री प्रदीप कुमार जी द्वारा श्री आर.के.अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, वाप्कोस एवं अध्यक्ष, नराकास तथा मंच पर आसीन श्री राहुल मित्थल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, राइट्स लिमिटेड, डा. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक), पावर ग्रिड का.लि., सुश्री मैत्रेयी मोहन्ती, निदेशक, खाद्य सुरक्षा संस्थान तथा श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय

को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी कार्यालय प्रमुखों/प्रतिनिधियों व राजभाषा अधिकारियों का परिचय लेते हुए सभी का बैठक में स्वागत किया।




बैठक के दौरान, हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य कार्यालयों और उनकी सर्वोत्तम गृह पत्रिका को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले सदस्य कार्यालयों का विवरण इस प्रकार है:

**वर्ष 2022-23 में सदस्य कार्यालयों की सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका पुरस्कार वितरण।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आरईसी लिमिटेड | प्रथम |
| 2. | इन्स्टीट्यूट ऑफ पेस्टीसाइट फार्मूलेखन टेक्नोलॉजी (आइपीएफटी) | द्वितीय |
| 3. | पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | तृतीय |

**वर्ष 2022-23 में हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को पुरस्कार वितरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अकादमी, (सीआरपीएफ) कादरपुर | प्रथम |
| 2. | वाप्कोस लिमिटेड | द्वितीय |
| 3. | राइट्स लिमिटेड | तृतीय |

 

**वर्ष <u>2023-24</u> में सदस्य कार्यालयों की सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका पुरस्कार वितरण।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वाप्कोस लिमिटेड | प्रथम |
| 2. | कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय | द्वितीय |
| 3. | पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | तृतीय |
| 4. | कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान | सांत्वना |

**वर्ष 2023-24 में हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को पुरस्कार वितरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राइट्स लिमिटेड | प्रथम |
| 2. | वाप्कोस लिमिटेड | द्वितीय |
| 3. | पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | तृतीय |
| 4. | राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) | सांत्वना |

बैठक के दौरान अध्यक्ष, नराकास गुरूग्राम तथा मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा नराकास गुरूग्राम की वार्षिक पत्रिका **'राजभाषा अनुराग'** के अंक - 8 का विमोचन किया गया। सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा पत्रिका की प्रशंसा भी की गई।




अपने सम्बोधन में सुश्री मैत्रेयी मोहन्ती, निदेशक, खाद्य सुरक्षा संस्थान ने मंच तथा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों  का अभिनंदन किया। उन्होंने बैठक के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि हिन्दी को आगे बढाने के प्रयास को नराकास की बैठकों द्वारा अधिक प्रोत्साहन मिलता है इन बैठकों के सफल आयोजन के लिए उन्होने सभी का धन्यवाद किया।

राइटस् लिमिटेड, गुरूग्राम के  अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री राहुल मित्थल ने कहा कि नराकास, गुरूग्राम 45 सदस्य कार्यालयों की देश की एक बड़ी नराकास समिति है। उन्होंने कहा कि हमें कुछ छोटे-छोटे ऐसे प्रयास करने चाहिए जिनसे सभी को हिन्दी में काम करने की प्रेरणा मिले। उन्होंने कार्यालयी कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरल व सुबोध हिन्दी के उपयोग से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को सरलता से प्राप्त  किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय ने मंच पर आसीन श्री कुमार पाल शर्मा, श्री राहुल मित्थल, डा. यतीन्द्र द्विवेदी, सुश्री मैत्रेयी मोहन्ती और साथी ही नराकास में उपस्थित अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नराकास, गुरूग्राम के अधिकांश सदस्य कार्यालय हिन्दी में अच्छा काम कर रहे हैं तथा लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं और जो कार्यालय इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया है। अध्यक्ष महोदय ने यह भी अनुरोध किया कि सभी हिन्दी को आगे बढाते हुए नराकास, गुरूग्राम को भी आगे बढ़ाएं। हिन्दी हमारी राजभाषा है और ये हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी भाषा को शिखर तक ले जाएं।

अध्यक्ष महोदय ने नराकास, गुरूग्राम के सात सदस्य कार्यालय जिनका संसदीय राजभाषा की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा किए जाने वाले  विचार-विमर्श कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

अंत में सदस्य सचिव, श्री प्रदीप कुमार द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सदस्य सचिव ने मंच पर आसीन अधिकारियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद किया तथा सभी सदस्य कार्यालयों से उपस्थित अधिकारियों को आने वाले नव-वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

*********